>

Title : Need to construct bridges over Ramganga and Kunda rivers connecting Palia and Bedijor in Hardoi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्रीमती उषा वर्मा (हरदोई): मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने क्षेत्र हरदोई लोक सभा क्षेत्र की ओर आकर्षित करना चाहती हूं। मेरे हरदोई लोक सभा में, सवायजपुर विधान सभा का क्षेत्र, जो कि पांच नदियों गंगा, रामगंगा, कुण्डा नीलम और गर्रा से घिरा हुआ क्षेत्र है। रामगंगा और कुण्डा नदी के पास लगभग सात ग्राम पंचायतें और चालीस मजरे हैं, वहां के ग्रामीण लोगों का कार्य हरपालपुर ब्लाक से होता है, लेकिन रामगंगा और कुण्डा नदी पर पुल न होने के कारण लोगों को हरपालपुर ब्लाक तक आने के लिए लगभग नब्बे कि.मी. की दूरी तय करनी होती है और हरदोई मुख्यालय पर आने के लिए वाया फरूर्खाबाद 120 कि.मी. की दूरी तय करनी होती है। पलिया से बेडीजोर मार्ग पर रामगंगा और कुण्डा नदी पर पुल बन जाने से उन गांवों की दूरी हरपालपुर ब्लाक के लिए मात्र 10 कि.मी. रह जायेगी और हरदोई मुख्यालय पर आने के लिए मात्र 45 कि.मी. की दूरी तय करनी होगी।

अतः मेरी भारत सरकार से मांग है कि जनहित में पलिया से बेडीजोर मार्ग पर रामगंगा और कुण्डा नदी पर शीघ्र ही पुल का निर्माण करने की कृपा करें।